जनसंचार एवं विविध क्षेत्रों के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे नए एमओयू के माध्यम से ; माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के बीच हुआ एमओयू साइन

August 16, 2021

जनसंचार एवं विविध क्षेत्रों के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे नए एमओयू के माध्यम से

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के बीच हुआ एमओयू साइन

उज्जैन : विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के वाग्देवी भवन में स्थित हिंदी अध्ययनशाला में आयोजित एक समारोह में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल के मध्य एमओयू साइन किया गया। जनसंचार एवं विविध विषयों के शिक्षण, शोध एवं बहुआयामी अकादमिक गतिविधियों के विस्तार की दृष्टि से यह एमओयू किया गया है। इस एमओयू पर हस्ताक्षर विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार पांडेय और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो के जी सुरेश ने किए।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफ़ेसर अखिलेश कुमार पांडेय ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुआ यह एमओयू अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा संचालित अनेक पाठ्यक्रमों का लाभ विक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलेगा। जनसंचार के साथ ही अनेक विषय क्षेत्रों के विद्यार्थी एवं शोधार्थी इसके माध्यम से लाभान्वित होंगे। भारतवासी जब समूह के रूप में कार्य करते हैं, तब बहुत सार्थक परिणाम सामने आते हैं। इस दिशा में यह एमओयू सार्थक सिद्ध होगा।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो के जी सुरेश ने कहा कि विश्वविद्यालयों की सार्थकता इस बात में है कि जन समुदाय के बीच वैज्ञानिक सोच का विकास हो। इस एमओयू के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को पर्याप्त सहयोग मिलेगा। विज्ञान एवं संचार दोनों ही क्षेत्रों में कार्य करने के लिए नई गति मिलेगी। आने वाले दौर में दोनों विश्वविद्यालय विज्ञान संप्रेषण एवं विज्ञान पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करेंगे। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भाग लेने वाले मालवा के पत्रकारों की महत्वपूर्ण सूचनाएँ विक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित की जाएगी। इसे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।

इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रशांत पुराणिक, कुलानुशासक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा, प्रो प्रेमलता चुटैल, प्रो गीता नायक, डॉ जगदीश चंद्र शर्मा, श्रीमती हीना तिवारी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल के अन्य अधिकारी गण सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर कुलपतिद्वय प्रो पांडेय एवं प्रो सुरेश, कुलसचिव डॉ प्रशांत पुराणिक ने वाग्देवी भवन में जनसंचार पाठ्यक्रम के लिए स्टूडियो, फोटोग्राफ एवं मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया।

हिन्दी
उज्जैन